nt>

Title: Need to resume the Birla Alloy Steel Plant in Patratu in Hazaribagh district of Kharkhand.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड के हजारीबाग जिला में पतरातू में बिरला एलाय स्टील लि. का कारखाना सन् 1996 से बंद है। इसमें ढाई हजार लोग काम करते थे। तीन-चार र्वा तक जब यह नहीं खुला तो 1500 मजदूर मात्र 25,000 रुपए की वी.आर.एस. की राशि लेकर चले गए। अभी भी 1000 से अधिक मजदूर इस आशा में बैठे हुए हैं कि कारखाना खुलेगा और उन्हें रोजी मिलेगी।

महोदय, कारखाना बंद होने से 50 से अधिक मजदूरों की मौत भूख एवं बीमारी से हो गई है। दो दर्जन से अधिक लड़कियों ने जहर खाकर और डैम में डूब कर आत्महत्या कर ली। जहां कारखाना है, उस कालोनी में रह रहे मजदूरों का बिजली और पानी काट दिया गया है। झारखंड सरकार इच्छाशक्ति के अभाव में कुछ भी करने से लाचार है। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस कारखाने को खुलवाने हेतु उचित कार्रवाई करें।